## एक नजर में

### महिला कर्मचारी का मोबाइल चुराने वाला पकड़ाया



इंदौर. टेली परफॉर्मेंस स्कीम नंबर 78 में काम करने वाली महिला कर्मचारी का मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को लसूड़िया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. 33 वर्षीय फरियादी रेनु पति हर्ष गोटिया निवासी सेक्टर-डी, स्लाइस-2, अरन्य नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 सितंबर को वह ड्यूटी पर आई थी और नियमानुसार बैग को कंपनी के लॉकर में रखकर काम पर चली गई थी. शाम को जब बैग खोला तो वीवी टी-वन कंपनी का मोबाइल फोन गायब था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. जांच में सामने आया कि 31 वर्षीय आरोपी शिवा ओमप्रकाश राजपूत निवासी श्री कान्हा विहार, कालिंदी गोल्ड, उसी दिन टेली परफॉर्मेंस में अपना इस्तीफा देने आया था. इसी दौरान उसने महिला कर्मचारी के बैग से मोबाइल चोरी कर लिया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है. पुलिस के अनुसार, टेली परफॉर्मेंस में आए दिन छोटे-मोटे विवाद और चोरी-चकारी की घटनाएं सामने आती रहती हैं.

### युवक पर फ्रेशर पार्टी में नशे की सप्लाई का आरोप



इंदौर. श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी कॉलेज की फ्रेशर पार्टी के दौरान पब की पार्किंग में एक युवक को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया. युवक की पहचान फरदीन आगवन निवासी मानसरोवर कॉलोनी, मुंबई हॉस्पिटल के पीछे के रूप में हुई है. युवक के मोबाइल फोन से आपत्तिजनक चैटिंग, वीडियो और नशे के सौदे से जुड़े वीडियो मिले हैं. पूछताछ में उसने पार्टी में नशे की सप्लाई की बात स्वीकार की है. करणी सेना के पदाधिकारियों का कहना है कि इंदौर के पबों में तेजी से नशे का कारोबार फैल रहा है और फ्रेशर पार्टियों के जरिए छात्र-छात्राओं को इसमें फंसाया जा रहा है. करणी सेना पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पबों में अश्लीलता और नशे को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है. उन्होंने कॉलेज और स्कूल स्तर पर होने वाली फ्रेशर पार्टियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की. करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे. फरदीन को कार्यकर्ताओं ने थाना लसूड़िया पुलिस के हवाले किया है, जहां उससे पूछताछ जारी है.

### नशे में रॉन्ग साइड ट्रक दौड़ाता चालक पकड़ाया




इंदौर. यातायात पुलिस ने शनिवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे में धुत ट्रक चालक को दबोच लिया. चालक बापट चौराहे क्षेत्र में रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में ट्रक दौड़ा रहा था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था. ट्रक नम्बर एमपी 09 जीएच 4696 का चालक सयाजी से नक्षत्र गार्डन की ओर रॉन्ग साइड से तेजी से जा रहा था. यातायात उपनिरीक्षक मकुंदी लाल अहिरवार, आरक्षक धर्मेंद्र और संदीप ने रोकने की कोशिश की तो चालक ट्रक को और तेज गति से वापस बापट चौराहे की ओर भगाने लगा. काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने ट्रक रोका. जांच में पाया गया कि चालक सरवर खान पिता लियाकत खान नशे में था. ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट में उसके शरीर में 156/100 एमएल अल्कोहल मिला है. पुलिस ने उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट और 184 के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया. अधिकारियों ने बताया कि यातायात पुलिस शहर को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है और लापरवाह, नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

### नि:शुल्क संकल्प उद्यमी मेले का अयोजन




महू. शहर के माहेश्वरी स्कूल में रविवार को श्री माहेश्वरी महिला मंडल महू द्वारा नि:शुल्क संकल्प उद्यमी मेले का आयोजन किया गया. संकल्प उद्यमी मेले का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोष राधेश्याम माहेश्वरी (लड्ढा) ने भगवान महेश की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर संकल्प उद्यमी मेले की शुरुआत की. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ के तर्ज पर श्री माहेश्वरी महिला मंडल महू द्वारा 60 से अधिक स्टॉल लगाई गई जिसमें महिलाओं के श्रृंगार, आयुर्वेदिक उपचार दवाई, हाथ की बनी हुई घर की सजावट की वस्तुएं, हाथ से बनी हुई महिलाओं की आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित 80 से अधिक स्टॉल लगाई गई. श्री माहेश्वरी महिला मंडल महू की किरण माहेश्वरी, सीता चिंचानी, अर्चना बियानी ने संयुक्त रूप से बताया कि महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए संकल्प उद्यमी मेले का आयोजन लगातार 15 वर्षों से किया जा रहा है, इस मेले के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ स्वयं संपन्न बनो. इस मेले में स्वदेशी वस्तु के साथ साथ गरमा गरम स्वादिष्ट व्यंजन एवं मनोरंजन खेल भी थे. इस अवसर पर महिला मंडल की किरण मारवाड़ी, संगीता सोडाणी, पुष्पा बियानी माहेश्वरी समाज महू के पंचगण, शिक्षण संस्था के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक तथा महिला मंडल के सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष राधेश्याम लड्ढा ने महिला मंडल का उत्साह वर्धन हेतु 11 हजार रु सहयोग राशि दी.

### कैलाश चौधरी को श्रद्धासुमन अर्पित



महू. आशा कला केन्द्र संस्था के पूर्व अध्यक्ष कैलाश चौधरी के प्रथम स्मरण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार को आशा कला केन्द्र में किया गया. इस दौरान उनके साथ नजदीकी से काम करने वाले सहयोगियों ने अपनी स्मृतियाँ साझा करते हुये उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर आशाकला केन्द्र के अध्यक्ष योगेश मूंदड़ा ने कहा कि कैलाश चौधरी की संगठन क्षमता और दूसरे लोगों को अपने साथ नेतृत्व की प्रक्रिया में शामिल करना उनका अद्भुत गुण था. वे हमेशा सौम्य, सरल एवं सहज रहे. वे हमेशा सकारात्मक बात ही करते थे. समाजसेवी विमलचंद जैन ने कहा कि श्री चौधरी जिस भी संस्था से जुड़े उस संस्था को उन्होंने समर्पण भाव से शिखर पर पहुंचाया. नरोत्तम माहेश्वरी ने कहा कि कैलाश चौधरी जी के जीवन का मूल्य उद्देश्य लोगों की पीड़ा को दूर करना था. पत्रकार रामलाल प्रजापति ने कहा कि चौधरी साहब एक जीवित संस्था थे, जिनका प्रौढ़ शिक्षा, बाल महोत्सव, राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों में अनुकरणीय योगदान था. समाजसेवी हीरामणी सोनी ने कहा कि उनमें सभी को अपना बनाने की क्षमता थी. श्रद्धांजलि सभा का संचालन आशाकला केन्द्र के सचिव सुरेश खण्डेलवाल ने किया. इस सभा में आशा कला केन्द्र, बाल महोत्सव एवं वात्सल्य संस्था के सदस्य तथा उनके सहयोगी व मित्र उपस्थित थे। अंत में दो मिनिट का मौन रख स्व. कैलाश चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की.

# सोनम की जमानत अर्जी पर 17 को सुनवाई

- राजा रघुवंशी हत्या कांड, अदालत से राहत की कोशिश
- प्रेमी संग पति की हत्या के आरोप में जेल में बंद




**इंदौर. शहर के चर्चित कारोबारी राजा रघुवंशी की सनसनीखेज हत्या कांड में जेल में बंद पत्नी और मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी ने जमानत पाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है. सोनम की ओर से दाखिल की गई अर्जी पर सोहरा उप-मंडल के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट 17 सितंबर को सुनवाई करेंगे.**

मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सोनम की जमानत याचिका शुक्रवार को दायर हुई थी, लेकिन अभियोजन पक्ष ने केस डायरी और दस्तावेजों की बारीकी से जांच के लिए समय मांगा. इसके बाद सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई. गौरतलब है कि पुलिस जांच में सोनम पर आरोप लगा था कि उसने अपने प्रेमी राज कुशवाह और तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर हनीमून के दौरान ही पति राजा रघुवंशी की हत्या की. इस प्रकरण में अब तक पांच लोगों को जेल भेजा जा चुका है. इनमें सोनम और उसका प्रेमी राज कुशवाह भी शामिल हैं. वहीं प्रॉपर्टी डीलर शिलोम जेम्स, लोकेंद्र तोमर और सुरक्षा गार्ड बलबीर सिंह पर सबूत मिटाने का आरोप है, यह तीनों फिलहाल जमानत पर बाहर हैं. जमानत अर्जी में सोनम ने दावा किया है कि वह निर्दोष है और पुलिस ने मीडिया ट्रायल के दबाव में उसे फंसाया है. उसने कहा कि स्वयं को बेगुनाह साबित करने का मौका देने के लिए उसे जमानत दी जाए. दूसरी ओर, अभियोजन पक्ष ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए अदालत से जमानत याचिका खारिज करने की मांग की है. अदालत ने अभियोजन को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं.



# राजवाड़ा-सराफा में पुलिस का पैदल भ्रमण

## डीसीपी ने अधिकारियों को दिए ड्रोन चेकिंग और सतर्कता के निर्देश

**इंदौर.** शहर के व्यस्ततम राजवाड़ा और सराफा चौपाटी क्षेत्र में शनिवार रात पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल ने पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण किया. इस दौरान सुरक्षा इंतजाम और पुलिस व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई.

भ्रमण के दौरान डीसीपी ने एसीपी सराफा और थाना प्रभारी सराफा को ड्रोन से निगरानी रखने के निर्देश दिए. उन्होंने मौके पर पुलिस थाना सराफा की डायल-112 वाहन का निरीक्षण कर चालक और तैनात पुलिसकर्मियों से बात की और उन्हें आयोजनों के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने पुलिस बल को यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या घटना को रोका जा सके.

# बहन से नाराज होकर नाबालिग ने फांसी लगाई

## सांवेर में एक अन्य युवती ने भी लगाई फांसी


**इंदौर. शहर में अलग-अलग इलाकों में दो युवतियों ने फांसी लगाकर और जहर खाकर जान दे दी. पुलिस मामले में जांच कर रही है.**

संयोगितागंज थाना क्षेत्र के अहिल्यापुरी इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय निष्ठा पिता वीरेंद्र ने फांसी लगाकर जान दे दी. वह किराए के मकान में रहती थी, परिवारजनों का कहना है कि शुक्रवार को किसी बात को लेकर बड़ी बहन ने उसे डांट दिया था. इससे आहत होकर उसने यह कदम उठा लिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम एमवाय अस्पताल में कराया. वहीं सांवेर थाना क्षेत्र के कदवाली गांव में 22 वर्षीय विवाहिता दिव्या ने भी फांसी लगाकर जान दे दी. आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. मल्हारगंज क्षेत्र में 21 वर्षीय कृति नामक युवती ने पहले जहर खाया और फिर खुद पर थीनर डालकर आग लगा ली. गंभीर हालत में परिजन और पड़ोसियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी. कृति ने तीन पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें डीआरपी लाइन में पदस्थ एक फैक्ट्री मालिक के बेटे हर्ष पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

हार्ट अटैक से कांस्टेबल की मौत-इधर, डीआरपी लाइन में पदस्थ 45 वर्षीय कांस्टेबल जयंत चौहान की हार्ट अटैक से मौत हो गई. वे पहले अन्नपूर्णा थाने में पदस्थ थे और किसी मामले में लाइन अटैच किए गए थे. जयंत की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर हुई थी. पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया, मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# प्रेमी की बेवफाई से टूटी छात्रा ने खाया जहर, लगाई आग

- अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा
- पुलिस कर रही मामले की जांच



इंदौर. लंबे समय से चल रही प्रताड़ना और बेवफाई का दर्द झेल रही 21 वर्षीय छात्रा ने आखिरकार जिंदगी की जंग खत्म कर ली. मल्हारगंज निवासी कृति नामक युवती ने शुक्रवार को जहर पीने और खुद को आग लगाने की कोशिश की थी. गंभीर हालत में उसे एयरपोर्ट रोड स्थित बाठिया अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शनिवार शाम उसकी मौत हो गई. पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरु की.

कृति की कहानी बेहद दर्दनाक है. आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने ब्लेड और चाकू से खुद को घायल किया और यहां तक कि घर का गैस नॉब भी खोल दिया था. समय रहते पड़ोसियों ने देखा और अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान वह बार-बार अपने प्रेमी हर्ष की बेवफाई का जिक्र करती रही. परिजनों ने पुलिस को बताया कि हर्ष पांडे मूलत: बिहार का रहने वाला है. दोनों की पहचान स्कूल से हुई और बाद में आईआईएम कॉलेज में साथ पढ़ाई के दौरान संबंध गहरे हो गए, लेकिन समय बीतने के साथ हर्ष ने कृति का इस्तेमाल किया और शादी से मुकर गया. फरवरी 2025 से उसकी प्रताड़ना के चलते कृति अवसाद में चली गई और मानसिक उपचार चल रहा था. इलाज के बावजूद हर्ष ने उसे चैन से जीने नहीं दिया. 20 दिन पहले वह इंदौर छोड़कर चला गया था, लेकिन कॉल और चैटिंग के जरिए लगातार दबाव और परेशानियां जारी रखीं. कृति के पिता मंगेश ने भी पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन उन्होंने हर्ष से बात की थी और साफ कहा था कि उसकी वजह से ही बेटी ने यह कदम उठाया है. इसके कुछ ही समय बाद कुछ लोग अस्पताल पहुंचे और पूरे परिवार को मामले में चुप रहने की धमकी तक दे डाली. आत्मघाती कदम उठाने से पहले कृति ने ब्लेड और चाकू से खुद को घायल किया और यहां तक कि घर का गैस नॉब भी खोल दिया था.

### आईआईएम से पास आउट है युवक

मामले में पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं, हर्ष आईआईएम से पासआउट है और उसके पिता की हिमाचल प्रदेश में दवा फैक्ट्री है. वर्तमान में वह इंदौर में एयरपोर्ट रोड स्थित रिश्तेदारों के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था. पुलिस का कहना है कि आरोपों और बयानों के आधार पर हर्ष के खिलाफ जल्द ही केस दर्ज किया जाएगा.

# चोरल में जिला कांग्रेस के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन

- जमीन से अतिक्रमण हटवाने की मांग प्रशासन से की




**महू. तहसील महू के ग्राम चौरल में जिला कांग्रेस के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे. ग्राम पंचायत चौरल सरपंच अशोक सैनी ने बताया स्थानीय समस्याओं को लेकर रविवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया. इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे, सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाशदत्त पांडे, चौरल सरपंच अशोक सैनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे.**

धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा नाली बनाने वाली जमीन से अतिक्रमण हटवाने की मांग प्रशासन से की क्योंकि नाली निर्माण न होने के कारण पानी भरा रहता है और उससे चौरल रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर भी आक्रोश व्यक्त किया गया. अतिक्रमण हटाने पहुंचे अधिकारियों से भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की अभद्रता और धक्का-मुक्की की घटना को लेकर भी कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया. इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विशाल धरना दिया और दोषियों की गिरफ्तारी एवं अतिक्रमण हटाने की मांग की. इस धरना प्रदर्शन में महू विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल होकर प्रशासन को अपनी ताकत का एहसास कराया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जिसे तहसीलदार ने प्राप्त किया. इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश साल्वाडिया, जिला पंचायत सदस्य रूमा भुरू भाई, सरपंच कमल चौधरी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जीतू ठाकुर, दौलत पटेल, शक्तिसिंह गोयल, नारायण पटेल, बैकुंठ पटेल, एडवोकेट दिनेश पंचोली, अजय सगर, रमेश पटेलसैकड़ो कांग्रेस जन और भारी संख्या में माता बहने उपस्थित रही. संचालन जुगनू जादवसिंह धनावत ने किया ज्ञापन का वाचन रामचंद्र ठेकेदार ने किया और आभार शैलेंद्र जाट ने माना.

# साइबर ठगी में इंदौर की सिम कार्डों का बढ़ा इस्तेमाल

- क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर 'ऑपरेशन फास्ट' शुरू किया
- संदिग्ध सिम कार्ड की जांच

**इंदौर. साइबर अपराधों में अब इंदौर की फर्जी सिम कार्डों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल सामने आ रहा है. एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच में कई मामलों में इंदौर की सिम कार्ड उपयोग होने की पुष्टि हुई है. इस पर क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर 'ऑपरेशन फास्ट' शुरू किया है.**

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस फिलहाल दो दर्जन से अधिक संदिग्ध सिम कार्डों की जांच कर रही है. जिन लोगों के नाम पर ये सिम जारी हुई हैं, उनका कहना है कि उन्होंने कभी आवेदन ही नहीं किया. जांच में सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड एक्टिवेट कराई गई हैं, जिसमें कुछ मोबाइल कंपनियों के एजेंटों की मिलीभगत भी संदिग्ध है. पुलिस ने बताया कि इसमें शामिल लोगों की पहचान हो चुकी है और जल्द ही गिरफ्तारी होगी. गौरतलब है कि पहले साइबर अपराधी ठगी के लिए असम, पश्चिम बंगाल और झारखंड की सिम व बैंक खातों का उपयोग करते थे, लेकिन अब इंदौर की सिम भी ठगी का जरिया बन रही हैं. बीते दिन दिल्ली पुलिस ने भी शान मियां नामक आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया था. उस पर आरोप है कि उसकी सिम और बैंक खाते से ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप के जरिए लाखों की ठगी हुई थी.

# एयरपोर्ट पर यात्रियों के स्वागत की होगी खास तैयारी

***यात्री सेवा दिवस' पर सांस्कृतिक रंग, हेल्थ कैंप और बच्चों की प्रतियोगिताएं***

**इंदौर. यात्रियों को बेहतर सुविधाओं और यादगार अनुभव देने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया 17 सितंबर को देशभर में 'यात्री सेवा दिवस' मनाएगी. इंदौर एयरपोर्ट भी इस मौके पर खास रंगों से सजेगा, जहां पारंपरिक तरीके से यात्रियों का स्वागत होगा और कई आकर्षक आयोजन पूरे दिन माहौल को उत्सव जैसा बनाएंगे.**

सुबह से ही एयरपोर्ट का नजारा बदला-बदला नजर आएगा. टर्मिनल में प्रवेश करते ही यात्रियों को तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा. डिपार्चर और अराइवल हॉल में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां और नृत्य-धुनें रौनक बढ़ाएंगी. एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि स्टाफ इस दौरान यात्रियों की हर जरूरत पर विशेष ध्यान देगा. इस विशेष दिन पर यात्रियों की सेहत का ख्याल रखने के लिए परिसर में नि-शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा. इसमें बीपी और शुगर जैसी सामान्य जांचें कराई जा सकेंगी. साथ ही रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप भी होगा, जिसमें यात्री और कर्मचारी दोनों भाग ले सकेंगे. यात्रा में शामिल बच्चों के लिए पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. विजेता बच्चों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे. एयरपोर्ट परिसर में रंग-बिरंगे बैनर, पोस्टर और सेल्फी प्वाइंट सजाए जाएंगे, ताकि यात्री इस खास दिन को यादगार बना सकें.

समस्या | मामला वार्ड 61 के प्रकाश का बगीचा का

# नलों में आ रहा गंदा पानी, बोरिंग भी खराब, रहवासी परेशान



**इंदौर. पानी की किल्लत और दूषित पानी लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है. इस अनदेखी और लापरवाही से उठने वाली इस समस्या का निराकरण करने के लिए नगर निगम के वरिष्ठ यंत्री भी क्यों विफल है यहां बड़ा सवाल हैं.**

जूनी इंदौर क्षेत्र में पड़ने वाले वार्ड क्रमांक 61 से एक बार फिर समस्या सामने आई है. हालांकि इस वार्ड में कई तरह की समस्या है लेकिन इस बार पानी की समस्या पर लोगों ने बात की हैं. समस्या वार्ड के प्रकाश का बगीचा से है. जहां बताया जाता है कि क्षेत्र में पानी की समस्या धीरे-धीरे बढ़ चुकी है. इस बार पानी की किल्लत की समस्या नहीं है. पर्याप्त पानी है लेकिन पूरी तरह से दूषित है. जो पीने के योग्य तो दूर की बात हैं, इसका इस्तेमाल भी नहीं किया जा सकता. पिछले कुछ महीनों से तो पानी की किल्लत क्षेत्र में और बढ़ गई है क्योंकि क्षेत्र का बोरवेल पंप खराब पड़ा हुआ है. अब ऐसे में क्षेत्रवासी पानी की जरूरत को पूरी करने के लिए दूसरे क्षेत्र में जाने को मजबूर हैं. कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर निगम के क्षेत्र झोन से कोई भी अधिकारी निरीक्षण करना नहीं आया इतना ही नहीं क्षेत्र पार्षद भी दौरा नहीं लगते हैं.

### इनका कहना है...



इस समय पूरे इंदौर में पानी की नई लाइन डाली जा रही है. हमारे क्षेत्र में भी कार्य हुआ है लेकिन पानी इतना बदबूदार होता है कि मोहल्ले में बदबू फैलती है.

**- इमरान खान**

गंदा पानी तो आ रहा था, जिस बोरिंग से सहारा था वह भी कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है. हर दिन दूसरे मोहल्ले में बनी टंकी से पानी लाना पड़ता हैं.

**- अकिला बी**



क्षेत्र में वर्षों पुरानी लाइन चल रही थी जिसमें दूषित पानी की शिकायत बनी हुई थी. नई लाइन डालने के बाद भी वही समस्या है. साफ पानी को लोग तरस रहे हैं.



**- रुकसाना बी**